# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू

## भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

## (वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)

सत्यमेव जयते

सीएसआईआर -आईआईआईएम
CSIR-IIIM

**अर्धवार्षिक बैठक – 28 नवम्बर, 2025**

**कार्यवृत्त**

संख्या: नराकास/जम्मू (014)/बैठक/नवम्बर 2025 — दिनांक: 19.12.2025

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), जम्मू (014) की वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी अर्धवार्षिक बैठक दिनांक 28 नवम्बर, 2025 (शुक्रवार) को सांय 03:30 बजे अध्यक्षीय कार्यालय, सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक तथा समिति के अध्यक्ष, डॉ. ज़बीर अहमद जी ने की। इस अवसर पर श्री कुमार पाल शर्मा, संयुक्त निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली से ऑनलाइन माध्यम से बैठक में भाग लिया। व्यक्तिगत रूप से अन्य प्रमुख अधिकारियों में श्री राजेश कुमार, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, जम्मू; श्री देवप्रकाश नारायण, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान क्षेत्रीय केंद्र, जम्मू; श्री राजेश गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी, सीएसआईआर- भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू तथा श्री संजय शर्मा, सदस्य सचिव, नराकास, जम्मू (014) सहित केंद्रीय कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्ष/ नोडल अधिकारी/ प्रशासनिक प्रमुख/ राजभाषा अधिकारी/ हिन्दी अधिकारी/ हिन्दी अनुवादक आदि भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक का संचालन श्रीमती रजनी कुमारी, अनुभाग अधिकारी सीएसआईआर- भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू ने किया। इस बैठक में कुल 49 कार्यालयों से 73 अधिकारियों/ कर्मचारियों ने भाग लिया।



सर्वप्रथम श्रीमती रजनी कुमारी ने नराकास, जम्मू के अध्यक्ष डॉ. ज़बीर अहमद व मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन कक्ष में राष्ट्रगान की गूँज के पश्चात मंचासीन सभी अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया।

इसके उपरांत सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यसूची को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया तथा उन्होंने समिति को बताया कि पिछली अर्धवार्षिक बैठक के बाद से अब तक निम्नलिखित तीन नए सदस्य कार्यालय नराकास से जुड़े है:

क) उप महानिरीक्षक उत्तरी क्षेत्र-2 केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल, सेक्टर - 4, छन्नी हिम्मत, जम्मू

ख) कार्यालय उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अनुसूचित जाति/ जनजाति के लिय नेशनल कैरियर सर्विस सेंटर, जम्मू

ग) क्षेत्रीय मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, छन्नी हिम्मत, जम्मू

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने नए सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों का हर्षध्वनि से स्वागत किया।

- पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, सभी सदस्य कार्यालयों के तिमाही प्रतिवेदनों की समीक्षा जून में होने वाली बैठक में की जाएगी तथा आज की इस बैठक में अब तक प्राप्त प्रथम दो तिमाहियों के रुझान ही साझा किए जाएंगे। नवम्बर माह की बैठक में नराकास की गृह पत्रिका के नवीनतम अंक का विमोचन किया जाएगा।
- सदस्य सचिव ने नराकास, जम्मू (014) के वार्षिक अंशदान के खर्च का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया।

## 1. गत बैठक (23.06.2025) के कार्यवृत्त की पुष्टि व उस पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट :

इस वर्ष दिनांक: 23 जून, 2025 (सोमवार) को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त के मुख्य बिन्दुओं की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए सदस्य सचिव ने उपस्थित सदस्यों को निम्नलिखित तथ्यों से अवगत करवाया:

1. धारा 3(3) का पूर्ण अनुपालन करना : सदस्य सचिव ने बताया कि अभी तक प्राप्त तिमाही प्रतिवेदनों के रुझान के अनुसार सभी सदस्य कार्यालय अपने स्तर पर धारा 3(3) का पूर्ण अनुपालन कर रहे हैं। इसे आगे भी जारी रखने की आवश्यकता है।
2. सदस्य कार्यालयों द्वारा अपने कार्यालय स्तर पर प्रत्येक तिमाही में पत्राचार लक्ष्य प्राप्ति, तिमाही बैठकें और हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित करवाना : प्राप्त तिमाही प्रतिवेदनों के रुझान के अनुसार लगभग सभी सदस्य कार्यालय अपने- अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।



3. गूगल फॉर्म के माध्यम से तिमाही प्रतिवेदन भरना : सदस्य सचिव ने बताया कि इस दिशा में कुछ सुधार हुआ है तथा इस बार गूगल फॉर्म के माध्यम से कुल 57 तिमाही प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से केवल 43 ही अद्वितीय हैं;
4. गृह मंत्रालय के नराकास सूचना प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर सदस्य कार्यालयों की जानकारी का प्रेषण करना: सदस्य सचिव ने बताया कि गूगल फॉर्म के माध्यम से कुल 23 परविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं। शीघ्र ही इन्हें सूचना प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर इनका प्रेषण कर लिया जाएगा;
5. नराकास, जम्मू (014) की पहचान के लिए एक लोगो (पहचान चिन्ह) डिजाइन करना: इस विषय पर सदस्य सचिव ने बताया कि अब तक कोई प्रगति नहीं हो पाई है।
6. अन्य आवश्यक जानकारी:

| क्रमांक | मद | कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1 | व्हाट्सएप ग्रुप | 98 सदस्य |
| 2 | सदस्य कार्यालयों की सूची में संशोधन | लगातार कार्य जारी है |
| 3 | वित्त वर्ष 2025-26 में प्राप्त वार्षिक कुल अंशदान | 28 कार्यालय |
| 4 | अब तक तिमाही प्रतिवेदनों की प्राप्त संख्या | 43 |

## 2. सदस्य कार्यालयों की अप्रैल से जून 2025 तथा जुलाई से सितंबर 2025 की तिमाहियों के रुझान :

कार्यसूची में आगे बढ़ते हुए सदस्य सचिव ने नराकास, जम्मू के सदस्य कार्यालयों को इस बात से अवगत कराया कि पूर्व में केवल दो तिमाहियों की समीक्षा की जाती थी परंतु संशोधित व्यवस्था के अनुसार उक्त दोनों तिमाहियों की विस्तृत एवं पूर्ण समीक्षा इस बैठक में नहीं की जाएगी। वर्तमान अर्द्धवार्षिक बैठक में पिछली दो तिमाहियों की केवल संक्षिप्त रूप में आँकड़ों की प्रस्तुति (जैसे- कार्यालयों की संख्या तथा प्राप्त रिपोर्टों की संख्या) ही दी जाएगी। आगामी अर्द्धवार्षिक बैठक में वर्ष भर की चारों तिमाहियों की संयुक्त समीक्षा एक साथ की जाएगी।



सदस्य सचिव ने बताया कि अभी तक अध्यक्ष कार्यालय को कुल 43 सदस्य कार्यालयों से ही तिमाही प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं। इस बार अधिकतर कार्यालयों से ऑनलाइन माध्यम (गूगल फॉर्म) से तिमाही प्रतिवेदन प्राप्त हुए है। कुछ कार्यालयों द्वारा एक से अधिक बार एक ही तिमाही के लिए प्रतिवेदन अपलोड किए गए हैं।

प्राप्त 43 प्रतिवेदनों में से केवल 10 कार्यालयों ने पूर्ण अंक प्राप्त किए हैं। इन्होंने बताया कि जिस भी कार्यालय ने अभी तक अपने पत्राचार से संबंधित आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की हैं, वे अब भी अपनी लंबित रिपोर्ट भेज सकते हैं। यह स्पष्ट किया गया की पूर्व तिमाहियों की लंबित रिपोर्ट भी स्वीकार की जाएगी और उन्हें जून 2026 की समीक्षा में शामिल किया जाएगा, जिनके आधार पर ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्य कार्यालयों को सम्मानित किया जाएगा

गृह मंत्रालय के नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) सूचना प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर नराकास, जम्मू के सदस्य कार्यालयों की जानकारी को प्रेषण करने की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए सदस्य सचिव ने बताया कि पिछली अर्द्धवार्षिक बैठक से अब तक 23 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं जिन्हें जल्दी की सूचना प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा।

## 3. नराकास जम्मू की गृह पत्रिका ,'ज्ञानवार्ता' के अंक 13 का विमोचन :

बैठक की कार्यसूची में आगे बढ़ते हुए श्रीमती रजनी कुमारी ने अत्यंत हर्ष के साथ बताया कि नराकास जम्मू (014) की गृह पत्रिका "ज्ञानवार्ता" का अंक 13 : 2025 सफलतापूर्वक तैयार किया जा चुका है। इस संस्करण के लिए सभी सदस्य कार्यलयों से लेख, कविताएँ, शोध पत्र आदि आमंत्रित किए गए थे। सभी लेखकों का धन्यवाद करते हुए उन्होंने आदरणीय अध्यक्ष महोदय तथा मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों से पत्रिका के 13वें संस्करण का अनावरण करने के लिए अनुरोध किया तथा तालियों की ध्वनि के साथ ज्ञानवार्ता का विमोचन सम्पन्न हुआ। अनावरण के उपरांत बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को इसकी प्रतियां वितरित की गईं ।




## 4. सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा मुक्त विचार विमर्श :

कार्यसूची के अगले मद की तरफ बढ़ते हुए सदस्य सचिव ने उपस्थित सभी अधिकारियों को मुक्त चर्चा के लिए आमंत्रित किया। इस चर्चा के माध्यम से हर कोई अपनी- अपनी बात रख सकता है, अपने अनुभव साझा कर सकते हैं तथा यदि उनके स्तर पर राजभाषा के कार्यान्वयन में कोई कठिनाई पेश आ रही हो तो उसे भी सबके साथ साझा करके उचित समाधान तलाशा जा सकता है।

इस मुक्त चर्चा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने नराकासके माध्यम से राजभाषा हिन्दी को अधिकाधिक बढ़ावा देने के (014) जम्मू , लिए सभी सदस्य कार्यालयों को प्रोत्साहित किया। चर्चा के दौरान लिए गए प्रमुख निर्णय इस प्रकार से हैं:

क) निदेशक महोदय ने समिति के सदस्यों की जानकारी संकलित करने हेतु एक नए प्रकार का तैयार करने का "गूगल फ़ॉर्म" भीसुझाव दिया। समिति के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी आवश्यक विवरणजानकारियाँ उक्त / गूगल फ़ॉर्म में ऑनलाइन अवश्य भरें। उक्त गूगल फ़ॉर्म में सभी कार्यालयकेवल एक ही बार अपने कार्यालय से संबंधित जानकारी अपलोड कर सकेंगे तथा स्व मूल्यांकन-भी कर सकेंगे। निदेशक महोदय ने निर्देश दिया की उक्त गूगल फ़ॉर्म को आईटी अनुभाग की सहायता से निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयार कर समिति के सदस्य कार्यालयों को उपलब्ध कराया जाए;

ख) सदस्य सचिव ने सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि संचार अंतराल को कम करने के लिए वह अपने कार्यालयों की संचार संबंधी जानकारी जैसे ई-मेल, पता, फोन नंबर, राजभाषा अधिकारी का नाम व पदनाम आदि, अध्यक्षीय कार्यालय को अनिवार्य तौर पर भेजना सुनिश्चित करें ताकि बैठकों व नराकास के अन्य क्रियाकलापों से संबंधित आवश्यक जानकारी समय रहते उन तक प्रेषित की जा सकें;

ग) चर्चा के दौरान सदस्य सचिव ने अवगत कराया कि भारत सरकारनई दिल्ली के पत्र ,राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय , रा-2024/03/2024 :संख्या.भा.का). (2दिनाक 2025 ,जनवरी 17तथा भारत सरकारराजभाषा ,गृह मंत्रालय , ,(दिल्ली) 1-उत्तरक्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय ,विभागनई दिल्ली संख्याउ-2027/14/19 :.क्ष.का.का. 076/(दि)1-दिनांक 2025 ,नवम्बर 12के नराकासों में सदस्य कार्यालयों की संख्या निर्धारित की जानी है। नई व्यवस्था में नराकास में अधिकतम के (014) जम्मू ,सदस्य कार्यालयों को ही शामिल करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में नराकास 35 अंतर्गत सौ से अधिक सदस्य कार्यालय पंजीकृत हैं। अधिक संख्या के कारण सभी कार्यालयों की समयबद्ध समीक्षा , अभिलेखों का संकलन तथा प्रगति का मूल्यांकन करना व्यवहारिक रूप से कठिन हो रहा है तथा इसका भी विभाजन किया जाना अपेक्षित है। इस सम्बन्ध में हमारी नराकास के अतिरिक्त और नराकास का गठन किया जाना है। 01 में बैठकनराकासजम्मू के विभाजन से संबंधित मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस परिस्थिति पर ध्यान देते हुए यह , जिससे कि समीक्षा एवं कार्यान्वयन की ,सुझाव रखा गया की जम्मू क्षेत्र के नराकास का उचित विभाजन किया जाए प्रक्रिया अधिक प्रभावी और व्यवस्थित हो सके। विभाजन के संदर्भ में सदस्य सचिव ने यह भी अनुरोध किया कि जो भी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय को नए अध्यक्षीय कार्यालय इकाई के रूप में शामिल करने के लिय तैयार होंवे , इसकी सूचना समिति को अवश्य उपलब्ध करवाएं।

इस सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि भारत सरकारनई दिल्ली ,राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय , से प्राप्त उपरोक्त दोनों पत्रों की प्रतियां सभी सदस्य कार्यलयों से साझा की जाएं।

घ) गत्त बैठक में नराकास, जम्मू (014) की पहचान को एक नया आयाम देने हेतु नराकास, जम्मू (014) के लिए एक लोगो (पहचान चिन्ह) डिज़ाईन करने का सुझाव रखा था। बैठक में इस कार्य हेतु सर्वसम्मति से एक विशेष पाँच सदस्यीय उप-समिति का गठन किया गया एवं उसे लोगो का प्रारूप तैयार करने का कार्यभार सौंपा गया।

इस पाँच सदस्यीय उप-समिति में निम्न सदस्य / कार्यालय शामिल है:

क. श्री संजय कुमार झा, सहायक कमांडेंट, केरिपूबल, बनतलाब, जम्मू [8899873689]

ख. डॉ निलेश कुमार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जम्मू [9451527031]

ग. श्री रमन कुमार, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, जम्मू [9906445274]

घ. श्री अंकित तिवारी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जम्मू [8840407388]

ङ. श्री कमल चंद शुक्ला, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- 2, अखनूर [9810705660]



संदीप


उप-समिति के कार्य:

i. इस कार्य को एक प्रतियोगिता के रूप में प्रचारित किया जाएगा जिसके लिए उप-समिति अपने स्तर पर जरूरी दिशा निर्देश तय करेगी;
ii. उत्कृष्ट लोगो के विजेता (विजेताओं) के लिए उचित पुरुस्कार का प्रावधान करेगी; तथा
iii. सभी सदस्य कार्यलयों से ऑनलाइन प्रविष्टियाँ आमंत्रित करेंगी

नराकास की आगामी अर्द्धवार्षिक बैठक में, प्राप्त हुए सभी लोगो (logo) में से नराकास, जम्मू (014) के लिए सबसे उत्कृष्ट लोगो (logo) को आधिकारिक पहचान चिन्ह के रूप में चुना जाएगा तथा इसके निर्माता को पुरस्कृत किया जाएगा।


## 5. मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्बोधन :

बैठक की कार्यवाई को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती रजनी कुमारी ने मंचासीन अतिथियों को सबके सामने अपने-अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया। तदोंउपरांत, श्री राजेश कुमार, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, जम्मू तथा श्री देवप्रकाश नारायण, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान क्षेत्रीय केंद्र, जम्मू ने बैठक को संबोधित किया और अपने विचार रखे। श्री राजेश कुमार जी ने आग्रह किया कि सभी कार्यालय हिन्दी संबंधित कार्यशालाओं की जानकारी का एक दूसरे-से आदान-प्रदान करें तथा एकदूसरे संस्थान में भी कार्यशालाएँ आयोजित करने की कोशिश करे ताकि - प्रदान भी -लोगों को अनुभव मिले और ज्ञान का आदान हो सकेजिससे की कर्मचारियों में रुचि और प्रेरणा का भाव भी बढ़े और , नराकास को और भी बेहतर बनाया जा सके।




## 6. अध्यक्षीय सम्बोधन:

अध्यक्ष नराकास डॉ. ज़बीर अहमद जी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद किया कि वह अपनी दिनचर्या में से समय निकाल कर इस बैठक में भाग लेने के लिए आए। उन्होंने सदस्य कार्यालयों को भविष्य में भी नराकास,जम्मू की बैठकों में आवश्यक रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। राजभाषा नीति के सशक्त क्रियान्वयन के लिए उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों की सामूहिक भूमिका



को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि नराकास 01) जम्मू वर्तमान में भारत की सबसे अधिक सदस्यों वाली नराकासो में से एक है। अतः राजभाषा हिन्दी संबंधित गतिविधियों

का आयोजन व लक्ष्यों की प्राप्ति इस समिति के लिए और भी महत्वपूर्ण बन जाते हैं। समीक्षा रिपोर्ट पर सकारात्मक टिप्पणी देते हुए उन्होंने सभी कार्यालयों से अनुरोध किया कि वे राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों व गतिविधियों को पूर्ण करने के सजग प्रयास करें तथा इस बीच सामने आने वाली सभी कठिनाईयों के निवारण के लिए अध्यक्षीय कार्यालय की सहायता लेने में हिचक न करें। साथ ही उन्होंने समीक्षा के लिए प्राप्त तिमाही रिपोर्टों में बढ़ोतरी को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा व सभी सदस्यों से पुनः अनुरोध किया कि वह अपने कार्यालयों की रिपोर्टें निर्धारित प्रपत्र में भर कर अध्यक्षीय कार्यालय को अवश्य भेजें। भविष्य में आगामी समीक्षाओं हेतु उन्होंने सभी कार्यालयों से उनकी तिमाही रिपोर्टों को अनिवार्य तौर पर गूगल फॉर्म के माध्यम से अध्यक्षीय कार्यालय को जमा कराने हेतु भी आग्रह किया। उन्होंने नराकास की गृह पत्रिका 'ज्ञानवार्ता' के नवीनतम अंक 13 के अनावरण को भाषा, संस्कृति और साहित्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का जीता- जागता प्रमाण बताया। नराकास को एक परिवार बताते हुए उन्होंने सभी सदस्य कार्यलयों को अहम माना और समिति द्वारा हिन्दी भाषा के कार्यान्वयन के उद्देश्य को पूर्ण करने हेतु प्रत्येक कार्यालय के प्रयासों को महत्वपूर्ण करार दिया। इसके पश्चात उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का एक बार फिर से धन्यवाद करते हुए अपनी वाणी को विराम दिया।

**7. <u>धन्यवाद प्रस्ताव</u> :**

सीएसआईआर – भारतीय समवेत औषध संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी, श्री राजेश गुप्ता जी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का अभिवादन किया तथा उन्होंने सभी से एक बार पुनः अनुरोध किया कि वह अपने कार्यालयों की विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्टें निर्धारित गूगल फॉर्म के माध्यम से ही जमा करें जिससे सभी गतिविधियों की समीक्षा आवश्यक रूप से की जा सके। इसी के साथ उन्होंने नराकासजम्मू , के सभी सदस्यों का बैठक में शामिल होने के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त कर उनका पुनः धन्यवाद किया तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक को सम्पन्न किया।






संजय 19/12/2025

(संजय शर्मा)

सदस्य-सचिव

ज़बीर अहमद

डॉ. ज़बीर अहमद

अध्यक्ष 19 DEC 2025

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू